Prayer (प्रार्थना) | By Amit Kalra Meetu

भक्तों की आँखों में जब आंसू आते हैं
मेरे खाटूवाले श्याम मेरे लीले वाले श्याम झट दौड़े आते हैं
भक्तों की आँखों में .....

दीनो के साथी हैं हारे के सहारे हैं
भक्तों की किस्मत के ये बदलते सितारे हैं
हर सुख में हर दु:ख में ये साथ निभाते हैं
भक्तों की आँखों में .....

भक्तों की नैया जब मंझधार में होती है
तूफ़ा से घबराके जब आँखें रोती हैं
बनके माझी नैया भव पार लगते हैं
भक्तों की आँखों में .....

भक्तों का दु:ख इनसे देखा नहीं जाता है
प्रेमी को जिताने को लीले चढ़ आता है
मोहित दु:ख भक्तों का खुद श्याम उठाते हैं
भक्तों की आँखों में .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/prayer-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%a5%e0%a4%a8%e0%a4%be-by-amit-kalra-meetu/